फ्लेमिश मास्टरपिसेस की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया

बेल्जियम के एच आर प्रिन्सेस ऐस्ट्रीड तथा एच ई श्री.जी.के. वासन, माननिय पोत परिवहन मंत्री, भारत सरकार, द्वारा दिनांक 27 नवंबर 2013 को मुंबई स्थित छत्रपती शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय में "फ्लेमिश मास्टरपिसेस फ्रॉम एन्टवर्प" की प्रदर्शनी का अधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया गया.

प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए श्री. वासन ने कहा कि यह उचित है कि मुंबई जैसे खूबसूरत शहर को एन्टवर्प संबंधी प्रदर्शनी के आयोजन का यजमान होना ही चाहिए था क्योंकि दोनों ही ऐतिहासिक बंदरगाह शहर है. मुझे यकीन है कि इस प्रदर्शनी की वजह से न केवल दो शहरों में बल्कि बेल्जियम और भारत के बीच संबंध और मजबूत होंगे.

सुप्रसिध्द फ्लेमिश कलाकार जैसे रुबेन्स, वॅन डिक तथा अन्य द्वारा 17 वीं शताब्दी में निर्मित इन विशिष्ट चित्रकारी और नक्काशी को दि.28.11.2013 से 9.2. 2014 तक प्रदर्शन के लिए दिखायेंगे.